असिस्टेंट प्रोफेसर के 1150 पदों की भर्ती प्रक्रिया शुरू

राज्य ब्यूरो, इलाहाबाद

- उच्चतर शिक्षा विभाग अरसे बाद भर्तियों को लेकर सक्रिय
- समाजशास्त्र विषय में सबसे अधिक 273 पद

प्रदेश सरकार ने बुधवार से राज्य के महाविद्यालयों के रिक्त 1150 पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग ने इसके लिए विज्ञापन जारी कर दिया है। सबसे अधिक 273 पद समाज शास्त्र के हैं। आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन ही रखी गई है। 14 जुलाई के बाद आवेदन नहीं स्वीकार किए जाएंगे।

गौरतलब है कि उच्चतर शिक्षा विभाग पिछले छह सालों से महाविद्यालयों के रिक्त पदों के लिए एक भी भर्ती नही कर सका है। बीते वर्ष 2015 में पहली बार 1652 पदों के लिए लिखित परीक्षा हुई थी लेकिन उस समय आयोग में पदासीन अध्यक्ष व सदस्यों की नियुक्ति अवैध घोषित किए जाने के बाद यह भर्ती अधर में लटक गई। नए अध्यक्ष प्रभात मित्तल ने पदभार ग्रहण करते ही घोषणा की थी कि नई नियुक्तियां जल्द ही घोषित की जाएंगी। इस बीच शासन से दो सदस्यों की नियुक्ति के बाद यह प्रकिया शुरू कर दी गई है।

आयोग की ओर से जारी विज्ञापन के अनुसार हिंदी के 166 पदों में सामान्य के लिए 104 व अंग्रेजी के 147 पदों में सामान्य के लिए 89 पद हैं। इसके अलावा शिक्षा शास्त्र के 100 पदों में 71 सामान्य, राजनीति शास्त्र के 121 पदों में 92 सामान्य, इतिहास के 38 पदों में 32 सामान्य, व शारीरिक शिक्षा के 60 पदों में 54 सामान्य हैं। कुल 35 विषयों के लिए पद विज्ञापित किए गए हैं। सामान्य व अन्य पिछड़ा वर्ग अभ्यर्थी 2000 रुपये तथा अनुसूचित जाति-जनजाति के अभ्यर्थी 1000 रुपये शुल्क के साथ आवेदन कर सकेंगे।

आयोग के अध्यक्ष प्रभात मित्तल के अनुसार अभ्यर्थियों को आवेदन से संबंधित समस्त सूचनाएं आयोग की वेबसाइट पर मिल सकेंगी। विषयवार पाठ्यक्रम भी वेबसाइट पर जारी किया जाएगा।